हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 जुलाई 2026

06 अनुसूचित जाति आयोग सदस्य ने योजनाओं...

08 विद्यालय में चार घंटे तक चला निरीक्षण संयुक्त संचालक बोलीं: कमियां बहुत...

खबर संक्षेप

जमीनी विवाद पर बंजारा परिवार के दो गुटों में मारपीट, पिता-पुत्री घायल, मामला दर्ज

गुना। जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बालाखेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में एक बुजुर्ग और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए राघौगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी भंवर लाल बंजारा (65) का दामाद कल्लू बंजारा से आरोपियों का जमीनी विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपी नन्नू बंजारा, फूल सिंह, हीरा बंजारा और बल्ला बंजारा ने फरियादी के घर के सामने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हीरा और बल्ला बंजारा ने लाठियों से हमला कर भंवर लाल और उनकी बेटी सीना बाई को बेरहमी से पीट दिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद बलवीर बंजारा और ऊधम सिंह बंजारा ने बीच-बचाव किया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। राघौगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोटरी भवन गुना में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 5 को

गुना। जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में रोटरी सदस्य रजनीश शर्मा के पिताजी स्व. कैलाश शर्मा एवं माताजी स्व. शिवकुमारी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी शिविर संयोजक विकास जैन ने बताया कि 5 जुलाई को रोटरी भवन गुना में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। रोटरी के नवीन अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, सचिव शैलेश गुप्ता सहित रोटरी सदस्यों ने जिलेवासियों से रोटरी भवन में नेत्र जांच शिविर में सहयोग कर लोगों से लाभ लेने का आग्रह किया है।

पुरानी रंजिश में विवाद पर बेरहमी से पीटी गई प्रसूता महिला

दो परिवारों की जंग में उजड़ी गोद, गर्भवती महिला ने खोए जुड़वां बच्चे, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत किशनगढ़ इलाके में दो पक्षों के बीच हुआ पुराना विवाद गुरुवार शाम एक खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस हिंसक झड़प में दोनों ही तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें महिलाओं सहित सात से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दर्दनाक पहलू यह रहा कि मारपीट के दौरान जमीन पर गिरी एक पांच माह की गर्भवती महिला के पेट में पल रहे जुड़वां बच्चों की मौत हो गई। गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल के प्रसूति गृह में भर्ती कराया गया है, जहाँ डॉक्टरों को उसका गर्भपात करना पड़ा। इस हृदयविदारक घटना के बाद इलाके में भारी तनाव का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, किशनगढ़ क्षेत्र में दो परिवारों के बीच पिछले काफी समय से कहासुनी और गाली-गलौज को लेकर रंजिश चली आ रही थी। गुरुवार शाम करीब 5 बजे यही विवाद अचानक उग्र हो गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे निकल आए और एक-दूसरे पर जानलेवा हमला बोल दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चीख-पुकार के बीच दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग लूलूहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने क्रॉस कायमी कर जांच कर दी शुरू

इस खूनी संघर्ष को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर हमला करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पहले पक्ष की ओर से सोनू लोधा ने पुलिस को बताया कि दूसरे पक्ष के रामस्वरूप लोधा के पिता पिछले कई दिनों से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। गुरुवार शाम जब वे इस संबंध में बातचीत करने गए, तो रामस्वरूप के घर पर पहले से ही भीड़ जमा थी, जिसने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में सोनू और उसकी पत्नी सहित पांच लोग घायल हुए हैं। इसके विपरीत, दूसरे पक्ष के रामस्वरूप लोधा ने इन आरोपों को पूरी तरह नकारते हुए पुलिस को अलग कहानी बताई। उनका दावा है कि सोनू लोधा अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर उनके घर पर हमला करने आया था। रामस्वरूप पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने उनके परिवार के संजय नामक युवक की 5 माह की गर्भवती पत्नी राजकुमारी के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह जमीन पर गिर गई। देर रात राजकुमारी को असहनीय दर्द उठने पर जब जिला अस्पताल के प्रसूति गृह ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बताया कि उसके गर्भ में पल रहे जुड़वां भ्रूण की मौत हो चुकी है, जिसके बाद डॉक्टरों को उसका आपातकालीन गर्भपात करना पड़ा। पीड़ित महिला की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है और वह डॉक्टरों की देखरेख में है। कैंट थाना पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए दोनों ही पक्षों के बयानों के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

इनका कहना है

किशनगढ़ का मामला है। जिसमें दो पक्षों की बीच जमीनी एवं पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ है। इसी विवाद में बीच बचाव करने आई गर्भवती महिला को धक्का लगने से महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिससे दो प्रीम्यचोर बच्चो की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम विवेचना जारी है। विवाद में दोनों पक्षों पर मामला दर्ज किया है।

- आनंद राय, प्रभारी सीएसपी

2 लाख रुपए और जेवरात समेत टंगी हुई दो लाइसेंसी बंदूकें चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरकलां में एक बेहद चौंकाने वाली चोरी की वारदात सामने आई है। यहाँ चोरों ने एक घर में घुसकर फरियादी के सिरहाने रखी चाबी उठाई और अलमारी का लॉकर खोलकर 2 लाख रुपये नगद सहित करीब 5-6 तोला सोने और 200 ग्राम चांदी के जेवरात पार कर दिए। हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरों ने उस कमरे को निशाना बनाया जहाँ गृहस्वामी सो रहा था। फरियादी ने बताया कि मैं जिस डबल बेड पर सो रहा था, उसके सिरहाने तरफ ही हमारी एक 315 बोर की व एक 12 बोर की दो नाल लायसेंसी बंदूकें टगी थी, जो वहीं टंगी हैं; चोरों ने उन्हें हाथ तक नहीं लगाया।

मिली जानकारी के अनुसार, रायपुरकलां निवासी राकेश (50) पुत्र प्राणसिंह धाकड़ अपने लडक़े राहुल, चाचा रघुवीर धाकड़ और बहू नीरज धाकड़ के साथ घर के दरवाजे बंद कर अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। गर्मी के कारण राकेश के कमरे में कूलर चल रहा था, जिससे उन्होंने दरवाजा खुला रखा था। चोरों ने इसी बात का फायदा उठाया और रात के समय छत के रास्ते घर में दाखिल हो गए।

फरियादी राकेश ने बताया कि सुबह करीब 5-6 बजे जब वे चाचा रघुवीर के साथ खेतों पर घूमने जा रहे थे, तो घर के पास तिराहे पर उन्हें घी का एक स्टील का डिब्बा और सिक्कों का प्लास्टिक डिब्बा पड़ा मिला था। उस समय उन्होंने इसे किसी की पूजा सामग्री समझकर नजरअंदाज कर दिया था, लेकिन बाद में पता चला कि चोर अलमारी से सामान निकालकर डिब्बे वहीं फेंक गए थे।

सुबह बहू ने तुलसी पर जल चढ़ाते वक्त देखा संदूक

चोरी की भनक परिजनों को अगले दिन सुबह करीब 11 बजे लगी। जब बहू नीरज तुलसी पर जल चढ़ाने छत पर गई, तो उसने देखा कि टांड़ पर रखा रहने वाला छोटा बक्सा (संदूक) छत पर खुला पड़ा था और उसके ताले में ही चाबी लगी थी। बक्से का सारा सामान अस्त-व्यस्त था और उसमें रखी गोदरेज अलमारी की चाबी गायब थी। इसके बाद जब परिजनों ने नीचे कमरे में आकर देखा, तो अलमारी के लॉकर में चाबी लगी हुई थी और उसमें रखी नगदी व जेवरात गायब थे। फरियादी ने तत्काल इसकी सूचना अपने छोटे भाई सुरजीत धाकड़ और मायके गई पत्नी कमलेशबाई को दी। कमलेशबाई ने घर लौटकर जब सामान का मिलान किया, तो अलमारी के लॉकर से सोने की 4 चूड़ियाँ, एक मंगलसूत्र, एक सोने की चैन, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की पायल, बिछिया और छोटे पर्सों में रखी 500-500 के नोटों की दो गड्डियां (कुल 2 लाख रुपये नगद) गायब थीं।

पुलिस कंट्रोल रूम से जुड़ेंगे कैमरे

कोचिंग संस्थानों में छात्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता दें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के समस्त कोचिंग संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी हितिका वासल, एडीएम अखिलेश जैन, एएसपी प्रशांत सिंह सुमन सहित विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा तथा अनिवार्य सुरक्षा मानकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

बैठक की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल ने सभी कोचिंग संस्थानों में न्यूनतम दो सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ये कैमरे पुलिस कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे। संचालकों को केवल कैमरे खरीदने होंगे, जबकि पुलिस विभाग द्वारा उनके इंस्टॉलेशन एवं मरम्मत की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कैमरों से गतिविधियों की निगरानी संभव होगी तथा किसी भी आपराधिक प्रकरण की विवेचना में पुलिस को सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी संचालकों को 15 दिवस के भीतर कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि अभियान चलाकर नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

अग्नि एवं आपदा सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी ली

एडीएम श्री जैन ने दिल्ली के कोचिंग बेसमेंट हादसे एवं लखनऊ की अग्नि दुर्घटना का उल्लेख करते हुए सुरक्षा मानकों की अनदेखी से होने वाली जनहानि के प्रति आगाह किया। उन्होंने निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी, जिनमें कम से कम दो आपातकालीन निकास, खुले एवं अवरोध रहित निकास द्वार, एक्जिट बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजे, पर्याप्त चौड़ाई वाली सीढ़ियाँ, फायर एक्सटिंग्विशर, पानी एवं रेत की व्यवस्था, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म, सुरक्षित विद्युत वायरिंग, कार्यशील एमसीबी, ज्वलनशील सामग्री का सुरक्षित भंडारण, स्टाफ प्रशिक्षण, असेंबली प्वाइंट, वैध फायर एनओसी, स्वीकृत भवन नक्शा तथा प्राथमिक उपचार बॉक्स जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। सात दिवस में अनुपालन के निर्देश बैठक में बेसमेंट में कक्षाएं संचालित किए जाने, आपातकालीन नंबर प्रदर्शन तथा सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की।

15 लाख के 65 गुम मोबाइल किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना एसपी हितिका वासल ने स्वामियों को लौटाए

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व एवं एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में साइबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आधुनिक तकनीक और सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विगत एक माह के दौरान विभिन्न स्थानों से करीब 15 लाख रुपये मूल्य के 65 गुम मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए हैं। शुक्रवार पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती। वासल द्वारा इन सभी मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किया गया। इस मौके पर एसपी ने नागरिकों को सेफ क्लिक-2.0 अभियान के तहत साइबर सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी देते हुए ओटीपी या यूपीआई पिन जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करने की अपील की। इस उल्लेखनीय कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी सउनि महेन्द्र सिंह चौहान, आरक्षक कुलदीप भदौरिया, कुलदीप यादव, भूपेन्द्र खटीक और अभय रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस द्वारा जिन मोबाइल स्वामियों को उनके फोन वापस सौंपे गए, उनमें गुना और आसपास के क्षेत्रों के नागरिक शामिल हैं। मोबाइल पाने वालों में प्रीति शर्मा निवासी साई विहार कॉलोनी, परमेश्वर नाथ निवासी लूशन का बगीचा, आनंद राठौर निवासी ग्राम इन्दार जिला शिवपुरी, हेमराज जाटव निवासी पिपरोदा चक, धर्मस्वरूप धाकड़ निवासी ग्राम बरखेड़ा गिर्द, विमला प्रजापति निवासी गुलाबगंज, ताहिर पठान निवासी शाढ़ौरा जिला अशोकनगर, मनोज अहिरवार निवासी ग्राम बेहटा झिर, नंदकिशोर लोधा निवासी कुशमोदा, सुमित कुशवाह निवासी ग्राम पगारा, गुरुसेवक सिंह निवासी ग्राम पगारा प्रीतमपुर, मान सिंह अहिरवार निवासी मुहालपुर कॉलोनी गुना, अनीस खान निवासी रसीद कॉलोनी गुना, सुखबीर यादव निवासी पुलिस लाईन गुना, गोलू यादव निवासी बड़ा गांव कुंभराज, धर्मेन्द्र रजक निवासी घोसीपुरा, मनोज पटेलिया निवासी ग्राम डिगडोली, जसविन्दर सिंह निवासी ग्राम लालोनी फतेहगढ़, आंकेश धाकड़ निवासी रंगमहल, निखिल चंदेल निवासी श्रीराम कॉलोनी गुना, पुष्पेन्द्र यादव निवासी ग्राम खोंकर थाना म्याना, सचिन तोमर निवासी गेल विजयपुर, अनुज सिंह निवासी ग्राम दुरदूरू थाना बजरंगगढ, भरत मीना निवासी ग्राम मानपुरया थाना कुंभराज, दिलीप सहरिया निवासी ग्राम बमोरी और मोहन सिंह सेहरिया निवासी ग्राम सोनखरा बमोरी शामिल हैं।

इसके साथ ही अजय अहिरवार निवासी कुंभराज, निर्भय सिंह राजपूत निवासी ग्राम बनारसी थाना जामनेर, भगवत सिंह गुर्जर निवासी ग्राम खैरा थाना राधौगढ़, प्रदीप पाल निवासी ग्राम दीतलवाड़ा राधौगढ़, कृपाशी जैन निवासी राधौगढ़, शशांक नायक निवासी फुलवारी कॉलोनी गुना, भूपेन्द्र किरार निवासी तलैया मोहल्ला गुना, बंटी प्रजापति निवासी शिवपुरी, राहुल कुशवाह निवासी ग्राम सकतपुर, रमेशचन्द्र लोधा निवासी ग्राम भटोदिया, बालचंद्र जाटव निवासी पुरानी छावनी गुना, विनोद पुष्पद निवासी पुरानी छावनी गुना, खुशी बागड़ी निवासी अशोकनगर, शिवेंद्र सिंह निवासी कुशमौदा गुना, विकास शर्मा निवासी ग्राम टुण्डावेह, सहयोगिता परिहार निवासी बजरंगगढ, सुनील अहिरवार निवासी ग्राम खिरिया दांगी थाना आरोन, विनोद अहिरवार निवासी ग्राम मोहनखेड़ी जिला विदिशा, रामपाल अहिरवार निवासी ग्राम कोलुआ थाना आरोन, रामवीर सिंह निवासी ग्राम मुहासा थाना आरोन, मुकेश बंजारा निवासी ग्राम इस्माईलपुर थाना आरोन, नीरज राजपूत निवासी मानक चौक कुंभराज, विनीता बाई सहरिया निवासी ग्राम रातीखेड़ा थाना आरोन, विमलेष चतुर्वेदी निवासी ग्राम झरकुआ जिला पन्ना, बंटी निवासी ग्राम भिडरा जिला गुना, शिवम बैरागी निवासी भगत सिंह कॉलोनी गुना, राधामोहन गुर्जर निवासी ग्राम सोलई थाना मृगवास, लखन मीना निवासी ग्राम बकान्या आदि मौजूद थे।

हाईवे से गोवंश हटाने की ड्यूटी का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात्रि के समय गोवंश हटाने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाए जाने के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में कर्मचारियों ने एकजुट होकर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम चांचौड़ा को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें इस आदेश पर तुरंत पुनर्विचार करने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों का मुख्य कार्य पंचायत प्रशासन संभालना, विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करना और वित्तीय व अभिलेखीय कार्यों को पूरा करना है। राष्ट्रीय राजमार्ग से गोवंश को हटाना उनके सेवा दायित्वों और नियमों के बिल्कुल विपरीत है। कर्मचारियों ने इस कार्य को अत्यधिक जोखिमपूर्ण बताते हुए कहा कि रात के समय हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों के बीच काम करने से हमेशा गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों की सुरक्षा और उत्तरदायित्व को लेकर प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। हाईवे से गोवंश को हटाने के बाद उनके स्थायी संरक्षण (गौशालाओं) की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि शासन इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करना ही चाहता है, तो इसके लिए अलग से बजट, आदि उपलब्ध कराए जाएं।

जिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, जमीनों पर उठाए छह बड़े सवाल

सरकारी मंदिरों पर शासकीय तंत्र से ज्यादा सरकारी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ चौतरफा मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को हुई एक पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा सहित जिला संगठन मंत्री पंकज कनेरिया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रजीत सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रणवीर कुशवाह, हलीम गाजी, नपा नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत भार्गव और नरेंद्र कुशवाह ने तीखे प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश के चार मुख्य स्तंभों युवाओं का भविष्य, किसानों की कमर, भगवान राम-महाकाल में जनता की आस्था और प्रदेश की जमीनों को पूरी तरह लूट लिया है।

कांग्रेस नेताओं ने नीट पेपर लीक और अयोध्या राम मंदिर में दान राशि के गबन जैसे राष्ट्रीय स्तर के घोटालों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा अब बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस ने प्रदेश में युवाओं की हताशा, महाकाल लोक में भ्रष्टाचार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उनके परिवार से जुड़े जमीन सौदों पर गंभीर सवाल खड़े किए।

स्थानीय मुद्दों पर भी भाजपा सरकार की घेराबंदी

प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने गुना जिले के स्थानीय मुद्दों पर भी भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की है। बमोरी और धरनावदा में किसानों की मौतः नवंबर 2025 में बमोरी के बागेरी खाद केंद्र पर लाइन में लगी आदिवासी महिला भूरियाबाई और नवंबर 2024 में धरनावदा के किसान भागवत किरार की मौत का स्थानीय मुद्दा उठाते हुए प्रशासन की लापरवाही पर सवाल दागे गए। गुना जिले के ग्रामीण इलाकों में यूरिया-डीएपी की किल्लत, टोकन व ऑनलाइन स्लॉट के नाम पर किसानों का उत्पीडन, महंगी खाद थोपने और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वहीं गुना से पंजीकृत 1839 छात्रों में से 35-40 स्थानीय छात्रों के परीक्षा न देने और 6 जून को रेलवे ओवरब्रिज से गिरकर घायल हुई स्थानीय छात्रा की सुध न लेने पर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग को घेरा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि गुना जिले के 247 सरकारी मंदिरों में से करीब 20 बड़े मंदिरों की 50 बीघा से अधिक कीमती जमीन पर प्रशासन और सत्ता पक्ष की नजर है, जिसे नीलामी के नाम पर हड़पने की साजिश हो रही है।

नई जिम्मेदारी मिलने पर गाजी और भार्गव का अभिनंदन

इस प्रेस वार्ता में संगठन के विस्तार के तहत गुना नगरपालिका के पार्षद हलीम गाजी को अल्पसंख्यक विभाग का अशोकनगर जिला प्रभारी तथा प्रशांत भार्गव को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ गुना का अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी नेताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री पंकज कनेरिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रणवीर कुशवाह, हलीम गाजी, नपा नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रशांत भार्गव और नरेंद्र कुशवाह सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। रजनीश शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन जनहित के मुद्दों पर जवाब नहीं दिया, तो कांग्रेस सडक़ों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

इन सवालों के मांगे जवाब

इस दौरान जिला कांग्रेस ने सरकार से छह प्रमुख सवाल पूछे हैं। पहला सवाल किया गया कि खाद की किल्लत के चलते लाइन में लगे आदिवासी महिला भूरियाबाई और किसान भागवत किरार की मौत की न्यायिक जांच क्यों नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी? दूसरा सवाल गुना में यूरिया और डीएपी की खुलेआम कालाबाजारी पर रोक लगाने और सार्वजनिक स्टॉक घोषित करने उर किसानों को खाद बिजली सुगमता से उपलब्ध कराने में प्रशासन क्यों नाकाम है? तीसरा सवाल गुना जिले में नीट परीक्षा के दौरान 35 से 40 छात्र अनुपस्थित क्यों रहे, क्या इसकी कोई जांच की गई? चौथा सवाल नीट की तैयारी कर रही गुना की घायल छात्रा की मानसिक पीड़ा और व्यवस्थागत दबाव को लेकर प्रशासन चुप क्यों है? पांचवां सवाल अयोध्या और महाकाल के बाद अब गुना जिले के 247 सरकारी मंदिरों की कीमती जमीनों को प्रशासनिक नियंत्रण और नीलामी के नाम पर हड़पने की तैयारी क्यों की जा रही है? छठा सवाल यह पूछा गया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके परिवार से जुड़े जमीन सौदों व मास्टर प्लान के कथित रिश्तों की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई जाती?

खबर संक्षेप

छोटा हाथी ने ठेले में मारी टक्कर, दो घायल

गुना। जिले के आरोन थानांतर्गत राघौगढ़ रोड पर रेंज के पास एक तेज रफ्तार छोटा हाथी क्रमांक एमपी 08-4580 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सडक़ किनारे लगे एक ठेले में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ठेला पूरी तरह टूट गया और उस पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी माखन अहिरवार (36) अपने ठेले पर चक्की संचालक मुकेश साहू के साथ बैठा था, तभी वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में माखन की आंख और कमर में चोट आई है, जबकि मुकेश साहू के मुंह, पसली, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुना रेफर किया गया है। राहगीर प्रमोद साहू ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। आरोन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बुआई के विवाद पर सगे भाई ने साथी के साथ मिलकर की मारपीट, पति-पत्नी घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम खिरियादांगी में खेत की बुआई करने की बात को लेकर सगे भाइयों में खूनी संघर्ष हो गया। घटना में बीच-बचाव करने आई महिला सहित पति-पत्नी घायल हो गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी दिनेश भार्गव (55) निवासी जगदम्बा कॉलोनी अपने खेत की बुआई कर रहे थे। तभी उनका छोटा भाई राधेश्याम भार्गव अपने साथी गजेन्द्र गुर्जर निवासी राघौगढ़ के साथ ट्रैक्टर लेकर आया और बुआई का विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी राधेश्याम ने लाठी से हमला कर दिनेश के हाथ में चोट मार दी। पति को बचाने आई पत्नी वंदना बाई को भी आरोपियों ने लाठी से पीटकर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद राधेश्याम धाकड़ और गोलू अहिरवार ने बीच-बचाव किया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रवृत्ति, छात्रावास, रोजगार, स्वास्थ्य व मूलभूत सुविधाओं पर प्रभावी

अनुसूचित जाति आयोग सदस्य ने योजनाओं कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

म.प्र. राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री बारेलाल अहीरवाल की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के हित में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। आयोग सदस्य ने योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए गुना जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि जिले की प्रगति से मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, एसपी हितिका वासल, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में 50 सीटर छात्रावास, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत में विभागों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने-

स्वयं सहायता समूहों की उपलब्धियां

बैठक में बताया गया कि जिले में 10,500 स्वयं सहायता समूह संचालित हैं तथा 36 हजार से अधिक लखपति दीदी तैयार हुई हैं। बमोरी की एक महिला समूह द्वारा धनिया दाल एवं मसाला उत्पादन के माध्यम से लगभग एक करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार किया जा रहा है, जिसे आयोग सदस्य ने सराहनीय बताया।

स्वास्थ्य एवं सड़क सुरक्षा पर दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयोग सदस्य ने जिन स्थानों पर सोनोग्राफी विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में उन्होंने ऐसे गांवों में, जहां तेज गति से वाहन गुजरते हैं, दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए।

शिक्षा, श्रम एवं मूलभूत सुविधाओं पर जोर

महिला एवं बाल विकास विभाग ने लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। आयोग सदस्य ने श्रम विभाग को अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के श्रमिकों के शोषण की रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में शौचालय, जल निकासी, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी करने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रास्ते संबंधी विवादों का समय पर निराकरण, किसानों को खेतों तक सुगम पहुंच तथा जाति प्रमाण पत्रों में त्रुटियों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष जोर दिया।

आईटीआई में शीघ्र शुरू होगा प्रवेश

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बैठक में बताया कि अभी तक जिल में आईटीआई में 150 प्रतिशत तक पंजीयन हो चुके है। उन्होंने कहा कि युवाओं का रुझान तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ रहा है तथा आईटीआई के माध्यम से रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि गुना जिला गुलाब, अमरूद तथा सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में भी लगातार प्रगति कर रहा है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

दिनभर रिमझिम फुहारों से मौसम खुशनुमा, जिले में 175.1 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में मानसून की सक्रियता के चलते मौसम का मिजाज बेहद सुहावना बना हुआ है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। दोपहर करीब 1 बजे से शहर और आसपास के इलाकों में रुक-रुककर रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया, जो रुक-रुककर चलता रहा। दिनभर चली इन ठंडी फुहारों के कारण मौसम में अच्छी ठंडक घुल गई और मौसम खुशनुमा हो गया, हालांकि शाम के समय हल्की धूप भी देखने को मिली।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गुना जिले में 1 जून 2026 से लेकर 3 जुलाई 2026 की सुबह 8 बजे तक कुल 175.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि इस अवधि की सामान्य वर्षा का कुल 16.6 प्रतिशत है। पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 327.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि गुना जिले की संपूर्ण वर्षा ऋतु की सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है, जिसकी तुलना में इस वर्ष अब तक कम बारिश हुई है।

विभिन्न वर्षामापी केंद्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 1 जून से 3 जुलाई की सुबह तक जिले के अलग-अलग ब्लॉकों में बारिश की स्थिति दर्ज की गई है। इस दौरान जिला मुख्यालय वर्षामापी केन्द्र गुना में 87.6 मिलीमीटर, बमौरी में 144.0 मिलीमीटर, आरोन में 192 मिलीमीटर, राघौगढ़ में 135 मिलीमीटर, चांचौड़ा में 229. मिलीमीटर, कुम्भराज में 163.0 मिलीमीटर तथा मक्सूदनगढ वर्षामापी केन्द्र पर सर्वाधिक 276.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है।

वहीं, बीते 24 घंटों की बात करें तो जिले में मानसून की अच्छी हलचल रही और इस अवधि में 13.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान जिले के लगभग सभी केंद्रों पर पानी बरसा, जिसमें सबसे ज्यादा बारिश कुंभराज और मक्सूदनगढ़ में देखी गई। पिछले 24 घंटे में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 5.8 मिमी, बमोरी में 9.0 मिमी, आरोन में 2.0 मिमी, राघौगढ़ में 2.0 मिमी, चांचौड़ा में 2.0 मिमी, कुंभराज में 40.0 मिमी एवं मक्सूदनगढ़ केंद्र पर 32.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। दिनभर के इस बदले मौसम ने किसानों और आमजन को बड़ी राहत दी है।

समाजसेवी ने अस्वस्थ बुजुर्ग को 'अपना घर आश्रम' में भर्ती कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश के एटा जिले के एक मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं निराश्रित बुजुर्ग को सुरक्षित 'अपना घर आश्रम' शिवपुरी में भर्ती कराया है। जानकारी मिलते ही प्रमोद भार्गव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि बुजुर्ग अत्यंत दयनीय स्थिति में थे। उन्होंने तत्काल बुजुर्ग की साफ-सफाई कराई, बाल-दाढ़ी कटवाकर नए कपड़े पहनाए। पूछताछ में बुजुर्ग ने खुद को यूपी के एटा जिले का निवासी बताया और कहा कि मानसिक अस्वस्थता के कारण वह रास्ता भटक गए थे। उनके तीन बेटे भी हैं। प्रमोद भार्गव ने बताया



कि फिलहाल बुजुर्ग को आश्रम में उपचार और देखभाल के लिए रखा गया है, और उनके परिजनों की तलाश कर उन्हें गृह जिला भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं।

राघौगढ़ में सुरक्षा के मद्देनजर बाईपास और सड़क किनारे से हटवाई गई गाजर-घास यातायात होगा सुलभ

राघौगढ़ । नगर पालिका राघौगढ़ द्वारा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के निर्देशन में राघौगढ़ की सड़ा कॉलोनी और बाईपास रोड पर सड़क किनारे उगी अत्यधिक गाजर-घास और झाड़ियों को साफ कराया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों की दृश्यता (विजिबिलिटी) में सुधार करना है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना या दुर्घटना से बचा जा सके। गाजर-घास हटने से अब यातायात सुलभ हो सकेगा। इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के साथ नगर पालिका का सफाई अमला मुख्य रूप से उपस्थित रहा और मुस्तैदी से कार्य को पूरा किया।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के प्रशिक्षार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

शासकीय आईटीआई गुना में सोलर लाइटिंग असेंबलर का दिया गया था

गुना। शासकीय आईटीआई गुना में आज प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत सोलर लाइटिंग असेंबलर के लिए आईटीआई में अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग के बाद प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि यह एक शॉर्टटर्म ट्रेनिंग कोर्स है जिसकी ट्रेनिंग ढाई महीने चली जिसमे ट्रेनीज को ऑन जॉब ट्रेनिंग व हैंड्स ऑन एक्सपेरिमेंट करवाये गए।

आज प्रमाण पत्र वितरण के दौरान नोडल प्राचार्य आईटीआई गुना सुश्री श्वेता कुशवाह ने बताया कि अगर कोई भी रोजग़ारन्मुखी प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं तो आईटीआई में पंजीयन करवायें। और कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करें,आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर आप अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए रोजगार

व स्वरोजगार हेतु तैयार हो सकते हो। जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीणा ने निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि कौशल विकसित करने वाले युवाओ के लिए रोजगार की ज्यादा संभावना बढ़ जाती हैं। इस अवसर पर आईटीआई कुंभराज के प्रभारी प्राचार्य केएल यादव व प्रशिक्षण अधिकारी पूर्णिमा धाकड़ उपस्थित रही

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया

ईसागढ़। शासकीय महाविद्यालय, ईसागढ़ में अकादमिक सत्र के शुभारंभ पर नव प्रवेशित बीए (कला संकाय) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक व्यवस्था, नियमों, उपलब्ध सुविधाओं तथा प्राध्यापकों से परिचित कराना था, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपने महाविद्यालयीन जीवन की सकारात्मक शुरुआत कर सकें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य अमित भार्गव और, समस्त प्राध्यापकगण डॉ जेपी सिंह, डॉ दीपा वर्मा, डॉ संजीव दोहरे, डॉ अंबिका प्रसाद, रचना अहिरवार, राजकुमार निखिल, ओर कार्यक्रम का संचालन डॉ जवाहर टैगोर ने किया, वरिष्ठ छात्र-छात्राएँ तथा बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस मौके पर वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नवागंतुक छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं करतल ध्वनि से आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय जीवन केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

सांदीपनि विद्यालय पिपरई में साइकिल और पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न

अशोकनगर। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य मंगलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में साइकिल वितरण और पुस्तक वितरण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के सुपुत्र अर्जुन यादव ज्ञानालय परिवार के आयोजक एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने विद्यालय, पिपरई में आयोजित साइकिल एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल एवं पुस्तकें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं, उत्साह और शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। शिक्षा के माध्यम से सशक्त एवं आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण ही हमारा संकल्प है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

सिर पर हथौड़ा मारा, कोतवाली में मामला दर्ज।

स्मार्ट मीटर को लेकर विवाद सेवानिवृत्त शिक्षक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्मार्ट मीटर को लेकर विवाद गहराता जा रहा है, विधुत वितरण कंपनी के ठेकेदारों द्वारा लोगों के घरों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उपभोक्ता विरोध कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते एक सेवा निवृत्त शिक्षक सुनील जैन के साथ मारपीट की गई। उनका कहना है कि ठेकेदार के कर्मचारियों ने उनके सिर पर हथोड़ें से हमला किया, यह पूरी घटना सीसी टीव्ही केमरे में कैद हो गई, जिसके बाद सेवानिवृत शिक्षक द्वारा सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

घटना स्थानीय विनीत टॉकीज गली की है, यहां लोगों के घरों और दुकानों पर विधुत वितरण कंपनी के ठेकेदारों के कर्मचारियों द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे इसी बीच लोगों ने विरोध किया और यह घटना मारपीट में बदल गई। इस घटना में सेवानिवृत शिक्षक सुनील जैन के सिर पर हमला किया गया, हमले में उनसे मारपीट की गई। शिक्षक का कहना है कि उनके सिर पर हथौड़े से हमला किया गया, मारपीट की गई, जिससे उनके सिर पर चोटों के निशान हैं। चेहरे पर भी चोटे आई हैं। इस मामले की शिकायत करने के लिए वह सिटी कोतवाली पहुंचे जहां थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा उनकी सारी बात सुनी गई और मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

पुनर्विकास से कोटा जंक्शन पर 15 दिन रेल प्रभावित रहेंगी

भोपाल-जोधपुर,दयोदय एक्सप्रेस एवं बीना-कोटा मेमू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पश्चिम मध्य रेल के कोटा जंक्शन में प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर पुनर्विकास कार्य के तहत रेल प्रशासन द्वारा 4 जुलाई से 18 जुलाई तक 15 दिवसीय ब्लॉक लिया जा रहा है। इस अवधि में प्लेटफॉर्म नंबर-4 से संचालित होने वाली गाड़ियों के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन किया गया है। कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित रहेगा तथा कुछ गाड़ियों का आंशिक संचालन सोगरिया स्टेशन से किया जाएगा।

12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस, 11603 कोटा-बीना मेमू ट्रेन का संचालन प्लेटफॉर्म नंबर-3 से किया जाएगा। परिचालनिक आवश्यकता के अनुसार कुछ गाड़ियों के प्लेटफॉर्म में आवश्यकतानुसार परिवर्तन भी किया जा सकता है।

परिवर्तित मार्ग से संचालित रेलगाड़ियाँ इन गाड़ियों का संचालन कोटा जंक्शन के स्थान पर गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से किया जाएगा।

यह ट्रेने कोटा जंक्शन नहीं जाएगीं

1 गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 4 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक (15 फेरे) सोगरिया (आगमन 02.10 बजे, प्रस्थान 2.20 बजे)कोटा चंबल केबिन-गुड़ला होकर संचालित होगी तथा कोटा जंक्शन नहीं आएगी।

2 गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 4 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक (15 फेरे) गुड़ला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया (आगमन 23.30 बजे, प्रस्थान 23.40 बजे) होकर संचालित होगी तथा कोटा जंक्शन नहीं आएगी।

सोगरिया पर समापन करने वाली गाड़ियां

गाड़ी संख्या 61634 बीना-कोटा मेमू 4 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक (15 फेरे) सोगरिया स्टेशन पर ही समाप्त होगी।

प्रारंभ होने वाली गाड़ी

गाड़ी संख्या 61633 कोटा-बीना मेमू 4 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक (15 फेरे) कोटा जंक्शन के स्थान पर सोगरिया स्टेशन से 15.20 बजे प्रस्थान करेगी।

आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश हेतु तृतीय चरण की प्रक्रिया प्रारंभ

अशोकनगर। राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है । जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस चरण में 3 जुलाई से 8 जुलाई तक पूर्व में सत्यापित एवं अपात्र न होने वाले अभिभावक अपनी विद्यालय पसंद अपडेट कर सकेंगे। इस चरण में नए आवेदन एवं पुनः दस्तावेज सत्यापन नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन लॉटरी 10 जुलाई को होगी तथा चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश 11 जुलाई से 20 जुलाई 2026 तक संबंधित विद्यालयों में किए जाएंगे। जिले में अब तक आरटीई के तहत प्रवेश की स्थिति अनुसार अशोकनगर ब्लॉक 1609 आवेदन प्राप्त, 1408 सत्यापित, प्रथम चरण में 582 एवं द्वितीय चरण में 40, कुल 622 प्रवेश। चंदेरी ब्लॉक 371 आवेदन प्राप्त, 336 सत्यापित, कुल 181 प्रवेश। ईसागढ़ ब्लॉक 562 आवेदन प्राप्त, 510 सत्यापित, कुल 297 प्रवेश। मुंगावली ब्लॉक 503 आवेदन प्राप्त, 433 सत्यापित, कुल 279 प्रवेश। जिले में कुल 3045 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2687 आवेदन सत्यापित किए गए। प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 1483 सीटों का आवंटन हुआ तथा अब तक 1379 विद्यार्थियों ने निजी विद्यालयों में निशुल्क प्रवेश प्राप्त किया है।

33 केवी बिजली के टॉवर पर चढ़ा युवक, समझाइश देकर उतारा

अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र के जेल पीछे एक 35 वर्षीय युवक 33 केवी बिजली लाइन के करीब 60 फीट ऊंचे खम्भे पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही देहात पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाया गया। देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा ने बताया कि रामकृष्ण केवट उम्र 35 साल पारिवारिक विवाद से

परेशान होकर खंभे पर चढ़ गया था। वह शराब पीने का आदी है, पत्नी से चल रहे घरेलू विवाद के कारण तनाव में था और आत्मघाती कदम उठाने की बात कह रहा था। करीब एक घंटे तक यह ड्रामा चलता रहा, पुलिस युवक से बातचीत करती रही और उसे समझाकर टॉवर से नीचे उतारा गया।

इनर व्हील क्लब ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीके जैन का उनके घर पहुंचकर सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

इनर व्हील क्लब ऑफ अशोकनगर का नया सत्र 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुआ, जिसे डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा वरिष्ठ चिकित्सकों कृ डॉ. रजनी छारी, डॉ. डी.के. जैन, डॉ. संजीव जैन एवं डॉ. संजय गहलोत का सम्मान पुष्पमाला एवं शील्ड भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में उनके चिकित्सा क्षेत्र में योगदान एवं सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई।

साथ ही क्लब द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब सदस्याओं एवं उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब की संध्या अग्रवाल, अर्चना बंसल, अनु छाबड़ा सहित कई सदस्याओं ने रक्तदान किया। इस दौरान जरूरतमंद डायलिसिस मरीजों की सहायता करते हुए उनके उपचार में सहयोग प्रदान किया गया तथा उनका हालचाल जानकर आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष शिप्रा अग्रवाल, नीलू सेठ, किरण अग्रवाल, अनु छाबड़ा, सुनीता छाबड़ा, सुशीला गुप्ता, संध्या अग्रवाल, अर्चना बंसल सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

जीएस वैरंवा ने संभाली शाढ़ौरा तहसील की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुदगिल के विभागीय प्रशिक्षण पर जाने के बाद तहसील की जिम्मेदारी जीएस वैरंवा को सौंपी गई है। गुरुवार को वैरंवा ने शाढ़ौरा पहुंचकर तहसील कार्यालय में पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने पर तहसील स्टाफ ने उनका स्वागत किया। उन्होने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आत्मीयता के म साथ परिचय प्राप्त किया और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा स्थानीय कार्यप्रणाली की जानकारी ली। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे तहसील स्टाफ के साथ हुई मुलाकात में नए तहसीलदार ने सभी कर्मचारियों को लगन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि जीएस वैरंवा पिछले करीब तीन वर्षों से गुना नगर में तहसीलदार के रूप में सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में उनका स्थानांतरण गुना जिले से अशोकनगर जिले में हुआ है।

खबर संक्षेप

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी राय निवासी जगदेव संधु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चंदू यादव और चंदू कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बमनाई हवेली निवासी आशीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विपिन और प्रकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत केशोपुर निवासी आकाश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल और रवि लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी सुशीला आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धनराज विशाल, चीनू, गीता बाई पारदी ने धनराज पारदी के मकान में बंद करके उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिंकूपुर निवासी मुन्ना बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत साजन मउ खुर्द निवासी कमल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से वैजंती बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कमर आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

कलेक्टर ने खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को डबल लॉक केंद्र अशोकनगर पहुंचकर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए ई टोकन के माध्यम से सभी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। उन्होंने केंद्र पर खाद के स्टॉक की उपलब्धता की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

युवक की रिपोर्ट पर से महिला पर मामला दर्ज

अशोकनगर में हनी ट्रेप का मामला महिला ने की 1 करोड़ की मांग

महिला लाखों रूपए पहले ही ले चुकी थी, अब ब्लैकमेल की धमकी दी जा रही थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर शहर में एक हनी ट्रेप का मामला सामने आया है जिसमें एक महिला द्वारा युवक को ब्लैकमेल कर 1 करोड़ रूपए की मांग की गई थी, युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला पर मामला दर्ज किया है। उक्त महिला पहले भी लाखों रूपए ले चुकी थी, अब उसके द्वारा 1 करोड़ रूपए की मांग की जा रही थी।

फरियादी पीएचई कार्यालय में पदस्थ है

फरियादी मोहित मांझी (उम्र 31 वर्ष), निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दतिया हाल निवासी अशोकनगर जो पीएचई कार्यालय अशोकनगर में पदस्थ है। उसके द्वारा थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक महिला उसके निजी वीडियो वायरल करने तथा दुष्कर्म के झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर उससे लगातार धनराशि की मांग कर रही है। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 408/2026 अंतर्गत धारा 308 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

आरोपी महिला के पास से निजी गुप्त वीडियो बरामद

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला एवं फरियादी के मध्य पूर्व में आपसी सहमति से संबंध रहे थे। आरोपी द्वारा कथित रूप से उनके निजी वीडियो गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर लिए गए तथा उन्हीं वीडियो को वायरल करने एवं झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर फरियादी से विभिन्न माध्यमों से लगभग 3 लाख की राशि प्राप्त की गई। इसके उपरांत आरोपी महिला द्वारा आपत्तिजनक वीडियो हटाने के एवज में 1 करोड़ की अतिरिक्त मांग की गई। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

महिला उसके निवास पर घरेलु सहायिका के रूप में कार्य करती थी उसने अपनी वेवाहिक जीवन की समस्याओं और आर्थिक समस्याओं के बारे बताया। जिसके कहने पर मैने उसकी सहायता की। उसके भाभी और भाई जो आरोन रोड पर निवास करते हैं उनके खातों में कई बार राशि भेजी गई। मुझे जानकारी मिली कि उसके मेरी बिना सहमति के हमारे निजी संबंधों की वीडियो बना ली है वह मुझे लगातार फोन करके और व्हाटस्एप पर वीडियो भेजती रही और घर आने के लिए बुलाती रही। आरोपी महिला पूर्व में जब उसका निवासी टीचर कॉलोनी में था तब भी बिना बताए आ जाती थी। ज्ञात हो कि महिला का अपने पति से तलाक हो गया है और वह तीन बच्चों की मां है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

इनका कहना है

मोहित मांझी द्वारा थाने मे शिकायत की गई थी कि एक महिला द्वारा लगातार कई महीनों से ब्लैकमेल किया जा रहा है और वीडियो भी बना ली है तथा उससे एक करोड रूपए की मांग की जा रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है, जिसमें महिला को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके मोबाइल को भी जब्त किया गया है। अब तक 3 लाख रुपए लिए जा चुके हैं, महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

रवि प्रताप सिंह चैहान टीआई सिटी कोतवाली अशोकनगर

अजा आयोग के सदस्य बारेलाल ने छात्रावास का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने गुरुवार शाम अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अहिरवार समाज संघ तहसील शाढ़ौरा के अध्यक्ष नथन अहिरवार ने शुक्रवार सुबह बताया कि आयोग सदस्य कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के बाद शाढ़ौरा पहुंचे थे। यहां बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बारेलाल अहिरवार ने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं और छात्राओं को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद रवि मोहने, तहसील अध्यक्ष नथन सिंह पहाड़ा, नीलम सिंह, विनोद सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद रवि मोहने ने नगर परिषद क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों तथा कथित भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी आयोग सदस्य को दी। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

पिपरई से बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना

पिपरई। बजरंग दल प्रमुख डॉक्टर दशरथ यादव ने बताया कि पिपरई नगर से श्रद्धालु बाबा अमरनाथ जी की यात्रा के लिए रवाना हुए जिसमें नगर की मंगल कामनाओं को लेकर सुख समृद्धि की मांग को लेकर बाबा अमरनाथ जी की यात्रा में नीरज यादव, डॉ राजेश राय, कमल किशोर प्रजापति श्रद्धालु पिपरई से रवाना हुए।

तहसीलदार बहादुरपुर ने आदिवासियों की समस्याओं का कराया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तहसीलदार बहादुरपुर कैलाश चंद्र मालवीय द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत दमदमा के रोरी चक्क (आदिवासी बस्ती) पहुंच कर आदिवासी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव निराकरण कराया गया। इस दौरान विद्युत मण्डल द्वारा स्थापित डीपी हेतु आदिवासी बस्ती के बकाया बिल की राशि जनसहयोग 5000 रुपये स्वंय तहसीलदार बहादुरपुर दिये गयें एवं ग्राम पंचायत दमदमा के सरपंच एवं सचिव द्वारा जन सहयोग से कुल 30000 रुपये की राशि मौके पर बिजली विभाग को बकाया के रुप मे जमा कराई गईं।

वन विभाग की टीम के साथ वन पटटेधारियों की समस्याओं का वन विभाग की टीम एवं राजस्व टीम के साथ मौके पर निराकरण कराया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नल कूप मे बंद मोटर बदलवाये जाने के निर्देश दिये गयें एवं उक्त मोटर नलकूल में डालने हेतु दो दिवस का समय पीएचई विभाग को दिया गया। महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्राम में भ्रमण कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं लाडली बहना की केवायसी करवाई गई। जनपद पंचायत मुंगावली की टीम को निर्देश दिए गए कि चक्क तक आवागमन के रास्ते के गढढो को मुरम से भरे जाऐ और आदिवासी बस्ती में जिन स्थानों पर कीचड हो रहा है उन जगहो पर भी मुरम डाली जाए यह कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाएं। उल्लेखनीय है कि आदिवासी ग्रामीणों द्वारा 2 जुलाई 2026 को अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अशोकनगर विदिशा मुख्य सडक पर चक्का जाम किया गया था। तहसीलदार बहादुरपुर द्वारा मौके पर पहुंच कर समस्याओं की निराकरण हेतु मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियो को निर्देशित कर डीपी रखवा कर लाईट चालू कराई गई ।

रेल पटरियों पर मिले शव पति-पत्नी के होना पाए गए

अशोकनगर। गुना बीना रेल खण्ड के हिनोतिया पीपलखेडा रेलवे स्टेशन के समीप पोल क्रमांक 1047 के पास एक महिला और एक युवक का शव कटी हुई अवस्था में रेल पटरियों पर पाया गया था। देहात पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, देहात पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिए थे, घटना गुरूवार की थी। शुक्रवार को दोनों मृतक अशोकनगर की शंकर कॉलोनी के निवासी होना पाए गए, जो आपस में पति पत्नि हैं। जिनमें जगभान पुत्र भरोसा अहिरवार उम्र 35 साल और वर्षा पत्नि जगभान अहिरवार उम्र 32 साल शामिल हैं जो शहर में पन्नी बीनने का काम करते थे। जगभान अहिरवार शराब का आदी था, यह दोनों पति पत्नि पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम भरका के रहने वाले थे और 15 साल पहले अशोकनगर में आकर शंकर कॉलोनी में बस गए थे।

ट्रेनों की कमी से जूझ रहा अशोकनगर

जबलपुर रेल महाप्रबंधक कार्यालय ने कई ट्रेनों को लेकर कारण गिनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ट्रेनों की कमी से जूझ रहा अशोकनगर जिला समस्याओं के गंभीर चपेट में है, यह सब तब हो रहा है जब यहां के नेता सांसद, और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। जबलपुर रेल महाप्रबंधन के अधिकारियों ने अपने स्तर पर किसी भी ट्रेन को लेकर असमर्थता जताई है और कारण गिनाए हैं, उनका सीधा सीधा कहना है कि उनके हाथ में कुछ नहीं है जो भी जादू चलना है वह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव से ही चलना है। जब तक वह अपने राजनैतिक प्रभाव का उपयोग दबाव की शैली में नहीं करेगें तब तक कोई भी नई ट्रेन यहां चल पाए संभव नहीं हैं।

पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर में क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा 15 दिसंबर 2025 एवं 26 फरवरी को रेल मंत्री भारत सरकार के लिए प्रस्तुत मांग पत्रों पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगने के संबंध में जबलपुर मुख्यालय द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा को फाइल निरीक्षण करने हेतु 3 जुलाई 2026 को जबलपुर बुलाया था, जिस पर डॉक्टर योगेश मिश्रा ने महाप्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर परिचालन विभाग में उपस्थित फाइल का निरीक्षण किया और उसमें मुख्यालय जबलपुर के द्वारा जो टिप्पणियां रेल

बोर्ड को विभिन्न मांगों के संबंध में भेजी गई हैं उनका अध्ययन किया और निष्कर्ष जो निकला है उसके अनुसार क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को यदि गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन विस्तार एवं नई ट्रेन चलवाना है तो इसके सीधे आदेश रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय से उन्हें जारी कराना आवश्यक हो गया है।

क्योंकि जो ट्रेनों की मांग की गई है वह ट्रेनें अलग अलग क्षेत्र के रेलवे जोन से निकलती हैं। एक जोन अगर स्वीकृति भी देता है तो दूसरे जोन की स्वीकृति होना भी अनिवार्य है। इसी स्वीकृती की कमी इन ट्रेनों के संचालन में बांधा बनी है। इन अलग अलग जोन के बीच एक संयुक्त राय बनाने के लिए रेलवे बोर्ड की जरूरत है। रेलवे बोर्ड तक पहुंचने के लिए राजनैतिक पावर की आवश्यकता है और यह पावर सिर्फ और सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास है वह चाहेगें तो ट्रेनें चलेंगी और नहीं चाहेगे तो ट्रेनें नहीं चलेगीं।

खास बातें

- भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी को दिल्ली तक बढ़ाई जाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे तथा उत्तर रेलवे की सहमति आवश्यक है।
- इसी प्रकार इंदौर से प्रयागराज को अशोकनगर के माध्यम से ट्रेन चलाने के लिए पश्चिम रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे की सहमति आवश्यक है।
- जहां तक पश्चिम मध्य रेलवे में इंदौर जबलपुर और कोटा जबलपुर ट्रेन के पुन: संचालन की बात है, उसमें भी राजनैतिक पावर की जरूरत है, यह ट्रेने पहले चलती थीं लेकिन राजनैतिक प्रभाव के अभाव में बंद हैं।
- कोटा हिसार ट्रेन को बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन तक लाने के लिए भी जो रुकावट है, वह वाशिंग पिटलाइन का न होना है, क्योंकि बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 24 डिब्बों की वाशिंग पिटलाइन नहीं है, जिससे गाड़ियों का प्राथमिक अनुरक्षण नहीं हो सकता है। बीना में पैसेंजर ट्रेन के लिए पिट लाईन है लेकिन एक्सप्रेस के लिए पिटलाईन नहीं है।
- गुना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर,अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर वॉशिंग पिटलाइन के निर्माण न होने से विभिन्न ट्रेनों का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है।

महाप्रबंधक को विभिन्न ट्रेनों व पिटलाइन के संबंध में सुझाव दिए

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा के द्वारा गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र से वंदे भारत ट्रेन के चलाए जाने, कोटा जबलपुर ट्रेन को पुनः संचालित किए जाने तथा बीना, गुना अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर पिटलाइनों के निर्माण तथा समर स्पेशल ट्रेन प्रयागराज हुबली एवं जोधपुर चेन्नई के स्टॉपेज अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर किए जाने से संबंध में मांग पत्र महा प्रबंधक कार्यालय में प्रस्तुत किए गए हैं। पिटलाईन की समस्या हर ट्रेन को लेकर आ रही है, जबकि बीना दिल्ली मुंबई रेल मार्ग का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। रेलवे यहां आसानी से मालखेडी में आसानी से पिटलाईन का निर्माण कर सकती है, इसीलिए इस स्टेशन का निर्माण किया गया है।

दीक्षारंभ के साथ मानसिक स्वास्थ्य व वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव द्वारा किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अर्चना ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रकोष्ठों की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को इको क्लब,स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,एनसीसी, एनएस एस,मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ, रेड क्रॉस सोसाइटी, छात्रवृत्तियां तथा आवास सहायता योजना आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इसी क्रम में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता हेतु मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक, हिंदी, हिमांशी गंगवार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय की मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर वैशाली माथुर उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों में होने वाली मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके कारणों तथा समाधान के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। जिला चिकित्सालय में पदस्थ काउंसलर शाहीद खान मंसूरी ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित उपलब्ध परामर्श सुविधाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

श्रुत पंचमी पर महिला परिषद ने किया धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद, राजुल संभाग प्रथम शाखा द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर शास्त्र सजावट, अछार सजावट प्रतियोगिता एवं पंच कल्याणक में इंद्र-इंद्राणी की भूमिका निभाने की प्रतियोगिताएं हुईं।

शास्त्र सजावट में उषा नेशनल प्रथम, आशा जैन द्वितीय तथा मानसी पाली तृतीय स्थान पर रहीं। अछार सजावट में मोना तिराई प्रथम, श्वेता जैन द्वितीय और मंजू नेशनल तृतीय रहीं। इंद्र-इंद्राणी वेशभूषा में आरजू व रश्मि बड़कुल प्रथम, भावना व मीनू द्वितीय तथा श्वेता व डिंपल तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जैन धर्म की प्रभावना हेतु परिषद की महिलाओं ने जिनवाणी माँ की पालकी के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली। कार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य नीलू बरोदिया, रिंकी जैन, ममता अथई खेड़ा, प्रियंका बड़खेड़ा, रानी गांधी, अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल, सचिव मनीषा अरिहंत, कोषाध्यक्ष सोनम जैन उपस्थित रहीं। परिषद की अनेक सदस्याएं सुधा जैन, शैलजा जैन, डिंपल जैन, रेखा जैन, प्रीति पाली, इंदिरा पाली व अन्य अनेक सदस्याएं उपस्थित रही।

बिजली कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास, माचिस जलाकर पेट्रोल डालने का प्रयास किया

स्मार्ट मीटर के बढ़े बिल पर उपभोक्ता ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं की नाराजगी गुरुवार को विदिशा रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में सामने आई। अधिक बिल आने से परेशान एक उपभोक्ता ने कार्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया।

नारायण सिंह नामदेव ने एक हाथ में माचिस की तिली जला ली, जबकि दूसरे हाथ से बोतल पकड़कर पैट्रोल डालने का प्रयास किया। हालांकि वहां मौजूद अधिकारियों ने हाथ से पेट्रोल की बोतल छिन ली और तिली बुझा दी। जिससे वहां हड़कंप मच गया। मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने समय रहते उपभोक्ता को रोक लिया। इसी दौरान एक अन्य उपभोक्ता ने भी स्मार्ट मीटर लगने के बाद लगातार अधिक बिजली बिल आने की शिकायत करते हुए अधिकारियों पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया।

पहले बिल 2 हजार आता था अब 12 हजार आ रहा है नारायण सिंह नामदेव ने

बताया कि उनके बेटे के नाम पर घरेलू बिजली कनेक्शन है। पुराने मीटर के दौरान उनका बिल दो से ढाई हजार रुपये आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद इस बार करीब 12 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी राशि का बिल भरना उनके लिए संभव नहीं है और वे पुराने मीटर की व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं। कछियाना मोहल्ला निवासी सौरभ साहू भी अपनी शिकायत लेकर बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बिल लगातार बढ़ रहा है। पिछले महीने उनका बिल 2,500 रुपये था, जो इस महीने बढ़कर 4,200 रुपये हो गया है, जबकि बिजली की खपत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराने के बाद कोई समाधान नहीं निकला है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायत उनके संज्ञान में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के बिजली बिल में तकनीकी त्रुटि या गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसकी जांच कर आवश्यक सुधार की कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त संचालक ने हायर सेकेंडरी विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

विद्यालय में चार घंटे तक चला निरीक्षण संयुक्त संचालक बोलीं: कमियां बहुत सारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक कनक प्रसाद ने शुक्रवार को शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कुरावर का करीब चार घंटे तक आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 में विद्यालय की प्राचार्य के विरुद्ध भेजे गए निलंबन प्रस्ताव के संबंध में जांच के तहत किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने विद्यालय परिसर, भवनों की स्थिति, साफ-सफाई, रखरखाव, खेल मैदान, अभिलेखों तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

प्राचार्य को लगाई जमकर फटकार, कहा व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं

संयुक्त संचालक ने विद्यालय परिसर में एकीकृत माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान भवनों का

रखरखाव नहीं कराया गया। कई भवनों में पुताई नहीं हुई थी, खिड़कियों की जालियां टूटी हुई थीं तथा दीवारों और कमरों में जाले लगे हुए थे। इस पर उन्होंने प्राचार्य अल्बीना टोप्पो को फटकार लगाते हुए कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की कैशबुक, अभिलेख, दैनिक प्रशासनिक कार्य, साफ-सफाई तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की। सहायक ग्रेड-2 एवं लेखापाल के संबंध में पूर्व में हुई शिकायतों के दस्तावेज भी देखे गए।

पूर्व से विवादों में रहा विद्यालय

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में भी

संयुक्त संचालक ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने 2 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य अल्बीना टोप्पो के विरुद्ध निलंबन की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा था। इस प्रस्ताव पर अब तक अंतिम कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं, विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 विपिन श्रीवास्तव पूर्व में विभिन्न शिकायतों के चलते निलंबित हो चुके हैं। हालांकि, न्यायालय से प्राप्त स्थगन आदेश के आधार पर वे वर्तमान में अपने पद पर कार्यरत हैं।

संयुक्त संचालक ने क्या कहा...

निरीक्षण के बाद संयुक्त संचालक ने कहा कि विद्यालय में कई गंभीर कमियां पाई गई हैं। परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर की नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समय पर साइकिल वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में भी कमियां मिली हैं। उनके अनुसार, जांच पूरी कर ली गई है और विस्तृत प्रतिवेदन विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। नरसिंहगढ़ में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से जुड़े कथित खरीदी प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे केवल कुरावर विद्यालय की जांच के लिए आई थीं और उस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है।

निरीक्षण में प्रमुख कमियां

- विद्यालय भवनों की पुताई नहीं होना।
- छात्राओं की सुरक्षा के लिए लगी खिड़कियों की जालियां टूटी होना।
- खेल मैदान एवं परिसर में साफ-सफाई का अभाव।
- विद्यालय भवन एवं परिसर का रखरखाव संतोषजनक नहीं होना।
- प्रशासनिक एवं अभिलेखीय कार्यों में विभिन्न कमियां।

इन बिंदुओं की हुई जांच

- विद्यालय की कैशबुक।
- विद्यालय की साफ-सफाई एवं रखरखाव।
- परिसर में फैली गंदगी।
- सहायक ग्रेड-2 के विरुद्ध पूर्व में प्राप्त शिकायतें।

सुरक्षित वन विभाग को सौंपा

कुत्तों के हमले से घायल काला हिरण, वार्डवासियों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की मिसाल उस समय देखने को मिली, जब ग्रामीणों ने कुत्तों के हमले से घायल एक दुर्लभ काला हिरण (ब्लैकबक) की जान बचाकर उसे सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाने के पीछे निवासी स्थानीय वार्डवासियों को एक नर काला हिरण घायल और बदहवास अवस्था में मिला, जिस पर आवारा कुत्ते हमला कर रहे थे। ग्रामीणों ने तत्काल साहस दिखाते हुए कुत्तों को वहां से भगाया और घायल वन्यजीव को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग, नरसिंहगढ़ को घटना की जानकारी दी।

डायल -112 की टीम घायल काला हिरण को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए उसे वन विभाग नरसिंहगढ रवाना किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, काला हिरण भारत के सबसे तेज दौड़ने वाले वन्यजीवों में से एक है और यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची के अंतर्गत संरक्षित प्रजाति है। इसका शिकार करना या नुकसान पहुंचाना कानूनन दंडनीय अपराध है।

ग्रामीणों की सतर्कता, संवेदनशीलता और समय पर की गई कार्रवाई से एक दुर्लभ वन्यजीव की जान बच सकी। स्थानीय लोगों ने भी अपील की है कि यदि कहीं कोई घायल या असहाय वन्यजीव दिखाई दे तो उसे पकड़ने या परेशान करने के बजाय तत्काल पुलिस अथवा वन विभाग को सूचना दें।

कृषि उपज मंडी में सर्वर डाउन होने से किसानों का फूटा गुस्सा, लगाया जाम

सुबह 7 बजे से लाइन में लगे किसान, समझाइश के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को एक बार फिर सर्वर डाउन होने से किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। सुबह से अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों ने लंबे इंतजार के बाद मंडी परिसर के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। इससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। किसानों ने बताया कि वे सुबह करीब 7 बजे से अपनी उपज की तौल एवं नीलामी के लिए लाइन में खड़े हैं, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण पूरा कामकाज ठप पड़ा है। सर्वर डाउन होने से मंडी में किसानों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार लग गई तथा भीड़ लगातार बढ़ती गई। किसानों का कहना था कि बार-बार सर्वर डाउन होने से उनका समय और आर्थिक नुकसान हो रहा है।

किसानों ने सड़क पर लगाया जाम हरकत में आया प्रशासन

किसानों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर जाम लगाए जाने और हंगामे की सूचना मिलते ही कुरावर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मवई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया तथा संबंधित अधिकारियों से समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात पुनः सुचारु हो गया। किसानों ने मांग की कि उपज मंडी में बार-बार आने वाली सर्वर संबंधी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

तकनीकी कारणों से सर्वर डाउन

सर्वर तकनीकी कारणों से डाउन हो गया था, जो करीब दोपहर 12 बजे तक चालू होने की संभावना थी, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण ही मंडी का कार्य प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों में नाराजगी उत्पन्न हुई और हंगामे की स्थिति बनी।

- रामप्रसाद राज, सचिव कृषि उपज मंडी कुरावर

परिवार को हुई काफी परेशानी

नाली के पानी की निकासी नहीं होने के कारण दीवार गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के वार्ड 14 में गुरुवार दोपहर लगातार बारिश, नाली के पानी की निकासी नहीं होने और मकान के पीछे बने घूरे के कारण पीड़ित हैदर अली पिता रमजान अली के घर की पीछे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय दीवार के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि या चोट नहीं आई। दीवार गिरने से घर का सामान बिखर गया, जिससे परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बारिश का पानी, नाली का गंदा पानी और घूड़े में पानी जमा से होने वाली नमी के कारण दीवार की नींव कमजोर हो गई थी। लगातार पानी भराव के चलते आखिरकार दीवार ढह गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वार्डवासियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित सहायता प्रदान करने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने तथा घूरे को हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

चंदन चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार, 12.9 किलो चंदन, बाइक और कुल्हाड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पुलिस ने चंदन चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 किलो 900 ग्राम चंदन की लकड़ी, चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर की सीटी-100 मोटरसाइकिल तथा एक लोहे की कुल्हाड़ी सहित कुल 50,700 रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया गया है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सारंगपुर उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर चोरी का चंदन लेकर किठोर रोड की ओर से सारंगपुर बेचने आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने किठोर रोड अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रईस मेव (50), मामूर खां (55) और गोकुल अहिरवार (60), सभी निवासी काछीखेड़ी, बताए। इनके पास से 12 किलो 900 ग्राम चंदन की लकड़ी और चंदन काटने में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ग्राम आसारेटा के जंगल से चंदन चोरी किया था तथा उसे सारंगपुर निवासी मोहसिन पिता गफ्फार खां (26) को बेचने जा रहे थे। पुलिस ने मोहसिन को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 515/2026 के तहत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। आरोपियों से चोरी का चंदन, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की सीटी-100 मोटरसाइकिल तथा लोहे की कुल्हाड़ी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दीपक परमार, सहायक उप निरीक्षक आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक बनवारी गुर्जर, लोकेश परमार, सत्येंद्र रघुवंशी, सुनील हिनोतिया एवं धर्मेंद्र जायसवाल की भूमिका रही।

करंट से भैंस की मौत, पुलिस ने कराया पीएम, सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

समीपस्थ ग्राम सुंदरपुरा में ट्रांसफार्मर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक नारायणसिंह पिता गुलाबसिंह की भैंस मोरसरा नाले के पास चरने के लिए गई थी, जहां पर लगे ट्रांसफार्मर की चपेट आने से करंट से मौत हो गई। सरपंच और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। जहा पंचनामा बनाते समय अरुण, अंकित, पवन, कैलाश, महेश आदि मौजूद रहे। इसके सूचना थाना मलावर को देने पर मृत मवेसी का पंजीकरण कर पीएम के लिए पशु चिकित्सक मलावर को पत्र भेजकर पीएम कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि डीपी के आसपास न जाली है न बाउंड्री। लाइनमैन से कई बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने मुआवजा और डीपी की सुरक्षा की मांग की है।

इनका कहना है...

हम मुआवजा दिलाने में विभाग की तरफ से पूरा सहयोग करेंगे और ट्रांसफार्मर में जाली फेंसिंग भी करवाएंगे, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना घटे।

-निर्मल चौधरी, एई एमपीईबी ग्रामीण नरसिंहगढ़

वर्षा ऋतु से पहले नपा की कार्रवाई थाना परिसर के 3 जर्जर भवन ढहाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जनहानि की आशंका को रोकने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने शहर में जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना परिसर में स्थित तीन अत्यंत जीर्ण-शीर्ण भवनों को जेसीबी मशीन की सहायता से सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कर मलबा भी हटा दिया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रानवे की मौजूदगी में इस कार्रवाई के दौरान बताया गया कि थाना परिसर के ये भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में थे। वर्षा के दौरान इनके कभी भी गिरने की आशंका थी, जिससे जनहानि और दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। इसी खतरे को देखते हुए इन्हें हटाया गया।

सीएमओ दीपक रानवे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के जीर्ण-शीर्ण भवनों का सर्वे कराया गया है तथा संबंधित भवन स्वामियों को मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 221 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे सभी खतरनाक भवनों को हटाने, मरम्मत कराने अथवा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन जर्जर भवनों के आसपास लोगों और वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान निकाय उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, कर्मचारी गौरव शर्मा एवं गोकुल पुष्पद सहित नगर पालिका का अमला उपस्थित रहा।

मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 अगस्त तक

ब्यावरा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित की गई है। इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना का संचालन ऑनलाइन किया जाएगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से 31 अगस्त 2026 तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की कार्रवाई संबंधित अधिकारियों द्वारा 15 सितंबर 2026 तक नियमानुसार सुनिश्चित की जाएगी। योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देना है। सामाजिक न्याय एवं 'दिव्यांग छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय-सीमा में स्पर्श पोर्टल पर आवेदन करने अपील की है।

संत रविदास स्वरोजगार योजना से मंजुबाई और कमलसिंह बने आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले के ग्राम हबीपुरा निवासी मंजुबाई एवं उनके पति कमलसिंह ने जिला अंत्यावसायी विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेकर अपना स्वरोजगार शुरू किया। वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा राजगढ़ से उन्हें 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। ऋण मिलने पर उन्होंने राजगढ़ में यूनियन बैंक के पास एमपी ऑनलाइन सेंटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शुरू की। वर्तमान में दुकान से अच्छी आय हो रही है। दुकान का किराया और बैंक ऋण की मासिक किस्त जमा करने के बाद भी उन्हें लगभग 13 हजार रुपये प्रतिमाह की बचत हो रही है। मंजुबाई कमलसिंह का कहना है कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है और आज वे अपना जीवन-यापन अच्छे से कर रहे हैं। वे इस अवसर के लिए मध्यप्रदेश शासन एवं जिला अंत्यावसायी विभाग का आभार व्यक्त करते हैं।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना अंतर्गत जागरूकता शिविर आयोजित

पंजीयन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्रम कार्यालय, महिला एवं बाल विकास परियोजना राजगढ़, परियोजना खिलचीपुर तथा परियोजना जीरापुर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किए गए।

शिविर में जिला श्रम अधिकारी सौरव गुप्ता एवं श्रम निरीक्षक मनोज चौहान ने उपस्थित श्रमिकों को योजना की पात्रता, पंजीयन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों से योजना का लाभ लेने की अपील

की। इस दौरान पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन भी किया गया।

साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित एक अंशदायी पेंशन योजना है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी, एनपीएस अथवा आयकरदाता नहीं हैं, पंजीयन के लिए पात्र हैं। लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर केंद्र सरकार भी समान राशि का अंशदान करती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। श्रम विभाग ने पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा श्रम विभाग से 9827459864 पर संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

हेयर सैलून के नए शुल्क निर्धारित सत्यनारायण बने संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

नगर में सर्व सेन समाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी हेयर सैलून संचालकों ने भाग लेकर समाज एवं व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से सत्यनारायण सेन (पालड़ियाखेड़ी) को सैलून संघ का अध्यक्ष तथा विनोद सेन खुजनेर को उपाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों के चयन के बाद उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी हेयर सैलून संचालकों ने आपसी सहमति से सेवाओं के नए शुल्क निर्धारित किए। निर्णय के अनुसार अब हेयर कटिंग का शुल्क 40 रुपये तथा दाढ़ी बनाने का शुल्क 30 रुपये रहेगा। सभी संचालकों ने इन निर्धारित दरों का पालन करने पर सहमति व्यक्त की बैठक में समाजहित, संगठन की मजबूती एवं व्यवसाय से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया साथ ही समाज की एकजुटता बनाए रखने और सामूहिक रूप से समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष टीकाराम सेन, ग्रामीण अध्यक्ष देवकरण सेन सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में समाजजन एवं हेयर सैलून संचालक उपस्थित रहे।